राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

दूरभाषः 0141–2709846, E-mail: spdrmsaraj@gmail.com

RCSE

क्रमांक : रामाशिप/जय/यू–डाईस/2012–13/ 1047 दिनांकः 15/10/2012

प्रेषक :

सीमा सिंह, आर.ए.एस

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

प्रेषिति :

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि./मा.शि.प्र./मा.शि.द्वितीय),

समस्त।

विषयः– **U-DISE 2012–13 हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित विद्यालयों के संस्था प्रधानों का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण एवं डेटा कैप्चर फार्मेट का वितरण, एवं संग्रहण।**

प्रसंगः–
1. आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर का पत्रांक एफ. 14()/डाईस/राप्राशिप/जय/2012–13/10385/दिनांक 11.10.2012
2. आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर का पत्रांक एफ–14()/डाईस/राप्राशिप/जय/2012–13/10452–53/दिनांक 13.10.12
3. निदेशक (मा.शि.) का पत्रांक रामाशिप/जय/यू–डाईस/2012–13/1022 दिनांक 12.10.2012
4. सचिव, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा विभाग एवं आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर द्वारा दिनांक 13.10.2012 को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देश

उक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि यू–डाईस 2012–13 कार्यक्रम के सफल व चरणबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु आप निम्नानुसार कार्यवाही सम्पन्न करें:–

(i) दिनांक 03.09.2012 से 24.09.2012 तक सर्व शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित नोडल प्रधानाचार्यों के प्रशिक्षण में विभिन्न जिलों के नोडल प्रधानाचार्यों में से निम्नानुसार प्रदर्शित ब्लॉक के नोडल प्रधानाचार्यों ने प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया थाः– अलवर–12, चित्तोड़गढ–11, भरतपुर–9, बांसवाड़ा–8, जयपुर–7, टोंक–6, नागौर,–6, सवाईमाधोपुर–5, अजमेर–4, राजसमंद–4, दौसा–4, उदयपुर–3, हनुमानगढ़–2, सीकर–2, बारां–1, करौली–1: इसके अलावा अलवर, जयपुर, बांसवाड़ा, दौसा व सीकर जिले के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (रामाशिप) ने भी इस प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया था। अतः उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने से वंचित रहे अधिकारियों से राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम के प्रति लापरवाही बरतने का कारण जानें एवं संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर ऐसे कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए भविष्य में संवेदनशील रहते हुए निर्देशित करें।

(ii) उक्तानुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने से वंचित रहे अधिकारियों हेतु सर्व शिक्षा अभियान के सहयोग से यू–डाईस संबंधी अतिरिक्त प्रशिक्षण का आयोजन कर इन्हें इस कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिलावें जिससे कि ये अधिकारी ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में के.आर.पी./निरीक्षक का कार्य कर सकें।

(iii) अपने जिले में पत्र के साथ संलग्न डाईस कलेण्डर वर्ष 2012–13 के अनुसार समस्त गतिविधियां यथा समय सम्पन्न करना सुनिश्चित करें।

(iv) आपके जिले में कार्यरत अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (रामाशिप) एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान) के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दिनांक 15 से 20 अक्टूबर के मध्य सभी संस्था प्रधानों हेतु आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय यू–डाईस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से क्रियान्वित करावें।

(v) यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यालय द्वारा भरे जाने वाले यू–डाईस के डेटा कैप्चर फार्मेट (DCF) की विद्यालय–वार प्रतियां प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व ही पहुंच गई हैं।

(vi) ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल प्रधानाचार्य के परिक्षेत्र में आने वाले सभी प्रकार के विद्यालयों के संस्थाप्रधानों का प्रशिक्षण में भाग लेना माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल प्रधानाचार्य द्वारा इन संस्थाप्रधानों को प्रशिक्षण प्रदान करना, संस्था प्रधानों द्वारा खाली डीसीएफ प्राप्त करना एवं विद्यालयों के संस्थाप्रधानों द्वारा भरे गए डीसीएफ का नोडल केन्द्र पर यथासमय संग्रहण करना सुनिश्चित करें।

(vii) सभी नोडल प्रधानाचार्यों को आदेशित करें कि उनके परिक्षेत्र में स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित कुछ विद्यालयों द्वारा भरे गए डीसीएफ व विद्यालय की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन कर डीसीएफ के संबंधित कॉलम में हस्ताक्षर करें। इस हेतु प्रतिदिवस तीन–तीन विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए दो दिवस यात्रा की जाये। यह यात्रा भत्ता सर्व शिक्षा अभियान के ब्लॉक कार्यालय द्वारा देय होगा।

(viii) ब्लॉक स्तर पर संस्थाप्रधानों हेतु आयोजित हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आप स्वयं तथा आपके कार्यालय के अधिकारियों द्वारा शत–प्रतिशत निरीक्षण करावें तथा जिसे की समेकित निरीक्षण रिपोर्ट दिनांक 20.10.2012 को सायंकाल aspdrmsaraj@gmail.com पर ई–मेल द्वारा प्रेषित करें।

(ix) कुछ स्थानों के नोडल प्रधानाचार्यों द्वारा यह प्रश्न उठाया गया है कि यू–डाईस कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान से संबंधित है अतः इसमें उन्हें कुछ नहीं करना है। ऐसे सभी अधिकारियों को निर्देशित करें कि यू–डाईस राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है तथा इसकी विभाग के सर्वोच्च स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। यद्यपि यू–डाईस कार्यक्रम हेतु सर्व शिक्षा अभियान को नोडल एजेन्सी बनाया गया है किंतु माध्यमिक शिक्षा हेतु सभी प्रकार के बोर्डों से संबंधित राजकीय व निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों हेतु डीसीएफ भरने का प्रशिक्षण प्रदान करने, डीसीएफ भरवाने, भरी हुई प्रविष्टियों का भौतिक सत्यापन करवाने एवं समस्त विद्यालयों से भरे हुए डीसीएफ संकलित कर संबंधित ब्लॉक के ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तक पहुंचाने की समस्त जिम्मेदारी माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ही है। अतः राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम के प्रति कर्त्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले सभी अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

(x) ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन डीसीएफ संकलन व भौतिक सत्यापन पर होने वाले व्यय के संबंध में सर्व शिक्षा अभियान द्वारा जारी होने वाले निर्देशों के तहत व्यय करना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उक्तानुसार प्रासंगिक पत्र।

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : रामाशिप/जय/यू–डाईस/2012–13/ दिनांकः /10/2012

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, शासन सचिव स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
3. निदेशक (मा.शि.), मा.शि. निदेशालय, बीकानेर।
4. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
5. उपनिदेशक (मा.शि.), समस्त को देकर आदेशित किया जाता है कि वे अपने परिक्षेत्र में आने वाले जिलों में 15 से 20 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय यू–डाईस प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर रिपोर्ट aspdrmsaraj@gmail.com पर प्रेषित करें।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (रामाशिप), समस्त को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि वे इस पत्र में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें तथा ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षणों का कलैण्डर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), उपनिदेशक (मा.) समस्त, जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान), अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान) तथा रामाशिप मुख्यालय जयपुर को प्रेषित करें ताकि ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जा सके। इसके साथ ही वे स्वयं भी सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट aspdrmsaraj@gmail.com ई–मेल पर प्रेषित करें।
7. एमआईएस प्रभारी, रामाशिप, जयपुर।
8. कार्यालय पत्रावली।

—Sd—

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक